दिनांक : 14.03.2026 समय : 07.10AM

# प्रादेशिक समाचार
## आकाशवाणी, भोपाल
## प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज असम के सिलचर और कोलकाता के दौरे पर। सिलचर में 23 हजार करोड़ और कोलकाता में 18 हजार करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज कटनी जिले के बरही में किसान सम्मेलन में होंगे शामिल। 243 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण और शिलान्यास।
- मध्य पूर्व तनाव के बीच प्रदेश सरकार ने बुलाई मंत्रिमंडल समिति की बैठक। हर जिले में एलपीजी आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश
- आज प्रदेशभर में लगेगी साल की पहली नेशनल लोक अदालत।

पीएम- असम, कोलकाता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज असम के सिलचर में 23 हजार 550 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। इनमें 22 हजार 864 करोड़ की लागत का सिलचर हाई-स्पीड कॉरिडोर, सिलचर टाउन फ्लाईओवर और पाथरकांडी कृषि महाविद्यालय शामिल हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री कोलकाता में भी करीब 18 हजार 680 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री कोलकाता में भाजपा की रैली को भी संबोधित करेंगे। वहीं कल प्रधानमंत्री ने गुवाहाटी से देशभर के साढ़े नौ करोड़ से अधिक किसानों को पीएम-किसान योजना की 22वीं किस्त जारी की थी।

मुख्यमंत्री- कटनी जिला दौरा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज कटनी जिले के बरही यानी विजयराघवगढ़ में किसान सम्मेलन में शामिल होंगे। यहां वे 243 करोड़ रुपये से ज्यादा के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बरही के बड़े तालाब के सौंदर्यीकरण का शुभारंभ भी किया जाएगा। सम्मेलन में कृषि से जुड़ी कई योजनाओं के लाभार्थियों को हितलाभ बांटे जाएंगे।

लाडली बहना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल ग्वालियर जिले के घाटीगांव से लाड़ली बहना योजना की 34वीं किस्त जारी की। उन्होंने प्रदेश की एक करोड़ 25 लाख से ज्यादा बहनों के बैंक खातों में 1 हजार 836 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे ट्रांसफर की।

मैत्री कार्यकर्ता सम्मेलन

प्रदेश में इस साल को कृषक कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में 15 मार्च को इंदौर के दशहरा मैदान में एक बड़ा सम्मेलन होगा। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मैत्री कार्यकर्ताओं और गौ सेवकों से मिलेंगे। तीन संभागों के 20 जिलों से करीब छह हजार लोग इसमें शामिल होंगे। मैत्री कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर पशुओं के कृत्रिम गर्भाधान की सेवा देते हैं और ग्रामीण युवाओं को रोजगार से जोड़ते हैं।

उपराष्ट्रपति- हिमाचल दौरा

उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन आज हिमाचल प्रदेश के दौरे पर हैं। वे कांगड़ा जिले के धर्मशाला में हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के नौवें दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। इस दौरान उपराष्ट्रपति धर्मशाला के युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि भी अर्पित करेंगे।

उप मुख्यमंत्री-स्वास्थ्य शिविर

शहडोल में कल उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने तीन दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया। यह शिविर रोटरी क्लब और चिरायु हॉस्पिटल भोपाल के सहयोग से आईटीआई परिसर में लगाया गया है।

ऑपरेशन ट्रेस एंड रिटर्न

राजगढ़ पुलिस ने ऑपरेशन ट्रेस एंड रिटर्न अभियान के तहत करीब पौने दो करोड़ रुपये के 451 चोरी और गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके असली मालिकों को वापस किए हैं।

एलपीजी गैस की आपूर्ति बैठक

मध्य पूर्व में जारी तनाव के बीच प्रदेश सरकार ने कल भोपाल में मंत्रिमंडल समिति की बैठक बुलाई। बैठक में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने अधिकारियों को हर जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति बिना रुकावट जारी रखने के निर्देश दिए। गैस वितरण में किसी तरह की गड़बड़ी मिलने पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।

नेशनल लोक अदालत

प्रदेश भर में आज साल की पहली नेशनल लोक अदालत लगेगी। इसमें एक लाख 62 हजार से ज्यादा लंबित मामले रखे जाएंगे. इनके निपटारे के लिए 60 खंडपीठें बनाई गई हैं। बिजली बिल, बैंक रिकवरी, यातायात चालान और वैवाहिक विवाद जैसे मामले इस लोक अदालत में सुलझाए जाएंगे।

लोक निर्माण मंत्री- जबलपुर

जबलपुर में कल लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने पश्चिम विधानसभा के आठ वार्डों में करीब 24 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन किया। इनमें सड़क, नाली, तालाब सौंदर्यीकरण और पानी की टंकी जैसे काम शामिल हैं। मंत्री ने बताया कि पिछले दो सालों में जबलपुर में साढ़े तीन हजार करोड़ रुपये के कामों को मंजूरी दी गई है। मंत्री ने बताया कि शहर में रोप-वे और ठाकुरताल में 300 करोड़ की लागत से नया चिड़ियाघर भी बनाया जाएगा।

आरटीई- आवेदन

प्रदेश में आरटीई यानी शिक्षा के अधिकार कानून के तहत निजी स्कूलों में मुफ्त दाखिले के लिए कल से ही ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। पहले ही दिन शाम साढ़े छह बजे तक 22 हजार से ज्यादा आवेदन आ चुके हैं। आवेदन की आखिरी तारीख 28 मार्च है और अभिभावक rteportal.mp.gov.in पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं। दस्तावेजों की जांच 14 से 30 मार्च के बीच होगी और 2 अप्रैल को ऑनलाइन लॉटरी से बच्चों का चयन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री- राहुल गांधी, ईंधन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विपक्ष पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जब दुनिया में युद्ध जैसे हालात हैं, तब राहुल गांधी देश की छवि खराब करने में लगे हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की कि गैस, पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है और अफवाहों पर ध्यान न दें। वहीं केंद्रीय संचार मंत्री सिंधिया ने कहा कि ईरान ने भारत के लिए हॉर्मुज स्ट्रेट को खुला रखा है, जिससे तेल और गैस की सप्लाई बनी रहेगी।

मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा

प्रदेश में आज से मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा शुरू होगी। उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत करीब साढ़े बारह लाख शिक्षार्थी इस परीक्षा में हिस्सा लेंगे। परीक्षा पास करने के बाद इन्हें साक्षर प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

फिट इंडिया कार्निवाल

भोपाल के टीटी नगर स्टेडियम में आज से दो दिवसीय फिट इंडिया कार्निवाल का आयोजन किया जा रहा है। स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम शाम पांच बजे से रात नौ बजे तक चलेगा इसमें योग, जुंबा, एरोबिक्स, गतका और मल्लखंब जैसी गतिविधियां होंगी। बच्चों के लिए अलग किड्स जोन भी बनाए गए हैं। आयोजन में प्रवेश को नि:शुल्क रखा गया है।

युवा संगम

युवा संगम के छठे चरण के लिए पंजीकरण शुरू हो गए हैं। शिक्षा मंत्रालय की एक भारत, श्रेष्ठ भारत पहल के तहत देशभर के युवा इसमें हिस्सा ले सकते हैं। इस कार्यक्रम में युवाओं को अलग-अलग राज्यों की यात्रा कर वहां की संस्कृति और परंपराओं को करीब से जानने का मौका मिलता है। पंजीकरण की आखिरी तारीख 18 मार्च है. इच्छुक युवा ebsb.aicte-india.org वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

शतरंज- मयंक चक्रवर्ती

शतरंज में भारत ने एक नया इतिहास रचा है। असम के मयंक चक्रवर्ती ग्रैंडमास्टर बन गए हैं। उन्होंने स्वीडन में अपना अंतिम मानदंड हासिल कर यह उपलब्धि पाई। मयंक असम के पहले ग्रैंडमास्टर हैं और भारत के 94वें ग्रैंडमास्टर बनने का गौरव उन्हें मिला है।

मौसम

प्रदेश में मार्च के दूसरे हफ्ते में ही कड़ाके की गर्मी पड़ रही है। नर्मदापुरम में पारा 40 डिग्री के पार पहुंच गया और यह प्रदेश का सबसे गर्म शहर बना हुआ है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर और उज्जैन में भी तापमान 37 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने हीट स्ट्रोक से बचने की सलाह दी है। मौसम विभाग के मुताबिक 15 से 17 मार्च के बीच ग्वालियर-चंबल, जबलपुर, रीवा और शहडोल संभाग में बारिश होने की संभावना है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में.......

1. केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया आज से 16 मार्च तक गुना जिले के दौरे पर हैं।

2. मंडला के मनेरी औद्योगिक क्षेत्र में टायर कंपनी के गोदाम में भीषण आग लगी, बचाव कार्य जारी।
3. उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के निर्देश पर जूनियर डॉक्टरों के स्टाइपेंड में वृद्धि के आदेश जारी, एक अप्रैल 2025 से प्रभावी।
4. पन्ना में जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेले में पांच सौ किसानों ने भाग लिया।
5. इंदौर में राष्ट्रीय और राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्षों की उपस्थिति में सफाई कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों पर बैठक हुई।
6. आगरमालवा में दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन शिविर में 44 बच्चों का पंजीयन किया गया।
7. जबलपुर में संयुक्त टीमों की छापामार कार्रवाई में एक घर से 46 घरेलू गैस सिलेंडर जप्त किए गए।
8. आयुष्मान भारत निरामयम् योजना के मानकों का उल्लंघन करने पर इंदौर के वेदांत हॉस्पिटल को योजना से तत्काल निलंबित कर दिया गया।

----------------